।। श्री सद्‌गुरु प्रसन्न ।।

लहरी भजन संग्रह

हिन्दी और मराठी

- लेखक -

श्री संत जयरामदास उर्फ लहरीबाबा, कामठा

-प्रकाशन तिथी-

२२ डिसेंबर १९८०

किंमत १ रुपया ७५ पैसे

।। श्री सत्‌गुरु प्रसन्न ।।

ॐ

लहरी भजन संग्रह

★

हिन्दी और मराठी

लेखक

श्री संत जैरामदास उर्फ लहरीबाबा

किंमत १ रुपया ७५ पैसे

श्री संत जयरामदास उर्फ लहरी बाबा
कामठा

आश्रम : कामठा, त. गोंदिया जि. भंडारा

जन्म तारीख ७-१२-१९२२

* अनुक्रमणिका *

हिंदी विभाग

भजन क्र.		पृष्ठ क्र.
१	करु स्मरण तुम्हे गणराज	१
२	काया तेरी है एक मिट्टीका	२
३	मेरे भारत के इन्सान	२
४	मानव लपझप में	३
५	मन जिसका है जाग गया	४
६	अपनालो मुझे अपनालो	४
७	अब बिगड गया इन्सान	५
८	रामनाम सौदा मिलो बडा	६
९	आजा रे, आजा र	६
१०	विपत काल मे ऽऽऽ	७
११	निंदीया न आये मोहे	८
१२	तुम अगर संत संगत	९
१३	अगर है प्रेम भारतमे	१०
१४	जो किसीसे कुछ मांगता	१०
१५	मेरे ये दिल की बात	११
१६	मेरा श्याम है छबीला	१२
१७	आगे कदम सबको बढाना	१२
१८	जब पीर पराई नहीं	१३
१९	भक्तो के रखवाले	१४
२०	जलनेवाले जलते रहो	१५
२१	मेरे शाम सलोने आजा	१६
२२	करता नही काम चाहता	१६
२३	जाग जावो सोनेवाले	१७
२४	कसौटी बहुत हुई	१८
२५	भाव प्रभूसे तू नही	१८
२६	प्रभु सभी के पालन हारे	१९
२७	रामकृष्ण गोविंद मुरारी	२०
२८	संतो की राह चलें	२०
२९	काम करो और मिलके	२१
३०	देश पियारे थे रखवारे	२१
३१	किसान भाई जाग जानारे	२२
३२	भाव भक्ति दृढ मन	२३
३३	जग के इन्सान है	२४
३४	संस्कार सबके एकसे	२४
३५	खेती को जोतेगा कोई	२५
३६	खोते जाते हैं प्रेमभाव	२६
३७	राही मनवा धर्म की	२७
३८	जिन लोचन नेरामको	२७
३९	नहिं पिर भरी जिनके	२८
४०	गरीबो के दुखी दिलकी	२८
४१	तुम दुखियो की सुनो	२९
४२	अगर है शौक मिलने का	३०
४३	नाम तेरा राधा रमैया	३०
४४	श्रीराम जैराम गाते चलो	३१
४५	ये मेरा, मेरा कहके	३१
४६	काहे भुले रे नादान	३२
४७	पाये है भगवान भजते	३३
४८	पति की सेवा करने आज	३४
४९	जग डूब रहा है सारा	३४
५०	समय यह बदल गया	३५
५१	पीता शराब का प्याला	३६
५२	मेरा मेरा कह कर प्यारे	३६
५३	मैं दास हूँ तुम्हारा	३७
५४	सच्चे दिलकी पुकार	३८
५५	देखते बदला है रंग	३८
५६	जब भूखी पडी रे जनता	३९
५७	मानव धर्म सिखाने को	४०
५८	तेरे दर की राहों पर	४१

भजन क्र.	पृष्ठ क्र.
५९ हरी तेरी मुरलीने	४१
६० प्यारे इस सुंदर जीवन	४२
६१ यह तन छोडकर प्यारा	४३
६२ हो जा काम मे तैयार	४४
६३ कबहू सुधरेगी समाजबा	४४
६४ नाम सुमर तेरी बिती	४५
६५ मन हरी दर्शन को अधीर	४६
६६ तुम तो घुमते हो निठल्ले	४७
६७ दिल मेरा है दिलदार	४७
६८ जरा सुनले ये इन्सान	४८
६९ प्रभू तेरो खेल है	४८
७० कलयुग में तु करता	४९
७१ ये दुनिया है रे मतलब की	५०
७२ उपरी आदमी की है	५०
७३ अगर भलाई चाहता है	५१
७४ मिटे न मन की प्यास	५१
७५ जिस आदमी का विश्वास	५२
७६ हसोना SSS सिखो २	५३
७७ कमाले राम रतन	५३
७८ राम का नाम लेकर प्यारे	५४
७९ तुम्हारे श्रद्धा भाव बुरी	५५
८० दुश्मन न सज्जन कोई	५५
८१ भलाल गुंडे मालोमाल	५६

मराठी विभाग

भजन क्र.	पृष्ठ क्र.
१ मोकळ्या मनाचा	५७
२ मज लागली आहे चिंता	५८
३ मानवा कैसी तुमची रीत	५९
४ साधुसंताचा भेष घेऊनी	५९
५ किती दुर तुम्हे ते गांव	६०
६ कंठ भरुनीया येती	६१
७ जने तरण्यासी होत असे	६२
८ गड्या मागे पुढे पाहुन	६३
९ मानवा इतके दिवस कां	६४
१० माझे अवगुण ने मला	६५
११ प्रभु माझ्या या नावेला	६५
१२ किती गोड तुझे हे शब्द	६६
१३ कोण तोडील भवपाश	६६
१४ मानवा कोकाशी भुलला	६७
१५ माणसा सोड हिंसेला	६७
१६ केव्हा भेट देशी तू	६८
१७ वाढो सर्व जीवा प्रति	६९
१८ जीवन हा पलघटकेचा	७०
१९ सत्य मार्ग आपुना सोडू	७०
२० कठीन वेळी साहाय्यक ना	७१
२१ दुष्ट जना करी जरी	७२
२२ गड्या मी झालो, हरी	७३
२३ अन्याय अत्याचार बघवेना	७३
२४ अस्सल कोण आणि नक्कल	७४
२५ गांधी युगाचे राष्ट्रीय संत	७५
२६ दुःख कळे ज्याचे हो त्याला	७५
२७ तुम्ही सत्य मार्गाने चला	७६
२८ सुखाचा मार्ग बघण्यासी	७७
२९ अज्ञानी जीव निती	७८
अभंग	७८
३० झिजावे देह पर उपकारी	७९
३१ किती मधुर तुझी मुरली	७९
३२ किती सांगु नवल विठ्ठल	८०
३३ विचाराचे दर्शन घ्यावे	८१
३४ मरुन गोड अंतरी जोड	८१
३५ राम नाम, राम नाम	८२
३६ हांव हांव, कांव कांव	८३
३७ मी रामाचा अहो मी	८३
३८ नाव असे या देहाचे	८४
३९ जन्म जात स्वभाव	८५
४० ज्याचा अनुभव त्याला	८६

❏ संदेश ❏

आज के इस युग मे मनुष्य ने भौतिक जीवन को ही सब कुछ मानकर मात्र भौतिक पुत्रों की प्राप्ति में ही अपना संपूर्ण जीवन लगा दिया है। भौतिक सुखों की अधिक से अधिक प्राप्ति और उनके सग्रह की लालसा ने उसे अंधा बना दिया है जिसके फल स्वरुप वह अच्छे और बुरे कर्मो का अंतर भुलता जा रहा है स्वार्थ सिद्धी ही उसके जीवन का उद्देश्य बन रही है जिसके कारण समाज में परस्पर ईर्ष्या, द्वष और अशांति का निर्माण हो रहा है।

इसका एक कारण यह है कि मनुष्य ने मानव जीवन के लिये सबसे अधिक आवश्यक विज्ञान "अध्यात्म" को भुला दिया है। भौतिक उन्नति को ही सबकुछ मानने के कारण वह इतना अधिक अहंकारी छली, कपटी और दंभी हो गया है कि स्वयं को ही वह इस विश्व का कर्ता धर्ता मान बैठा हैं; यहाँ तक कि इस ब्रम्हांण्ड के रचयिता और पालन कर्ता ईश्वर को भी वह भुला बैठा है "ईश्वर कहाँ है, यदि हैं तो हमे दिखाओ" वह कहने लगा है। किन्तु वह भूल जाता है कि जिस प्रकार बिजली को देखा नही जा सकता किन्तु उसको शक्ति का अनुभव, प्रकाश, उष्णता या यंत्रो आदि के द्वारा किया जा सकता है उसी प्रकार ईश्वर भी शक्ति रुप है एसी शक्ती जो स्वयंम् चलीत है और जो संम्पूर्ण ब्रम्हाण्ड मे व्याप्त हैं; अनुभव लेन वाले को सदैव ही उस शक्ति का आभास होते रहता है।

भाईयों सोच कर देखिए, अपने घर में लगे हुए चार पौधों को जीवित रखने के लिए हमें कितना श्रम करना पडता है; तब जिसनें इस पृथ्वी पर हजारों प्रकार के वृक्ष, फल, फूल पैदा किए हैं वह कौन होगा? मनुष्य ने बड़े बडे यंत्र बनाए, बांध बनाए, बिजली घर बनाए किन्तु वर्षा की कमी के कारण सब धरे के धरे रह गए, सारे संसार पर अकाल की नौबत आ गई तो जिस शक्ति के कारण हजारों लाखों वर्षो से ऋतुएँ अपने अपने समय पर आ-जा रही हैं वह शक्ति कौनसी और कैसी होगी?

शरीर के रोग को दूर करने के लिए बड़े बड़े विद्वान डॉक्टरों की ऐंडी चोटी का पसीना एक कर देना पडता हैं तो जिसने इस मानव शरीर का ही नहीं तो भिन्न भिन्न प्रकार के पशु पक्षी जीव जन्तु कीड़े मकोडों का निर्माण किया है, छोटे से छोटे और बडे से बडे प्राणी के जन्म की व्यवस्था की है वह कौन होगा ? उसकी शक्ति कैसी होगी ?

मेरे भाईयों, वही ईश्वर है; उसीने इस सृष्टी का निर्माण किया है और वही इसका संहार भी करता है। उसीने हमे मानव जन्म दिया है, केवल इसलिये कि हम शारिरीक सुख की प्राप्ति के लिए भटकते रहे, बल्कि इसलिए की हम अपने विवेक को निरंतर प्रज्वलित रखकर, उसके प्रकाश में सच्चे अर्थो में मनुष्य का जीवन जी सके। अपने में निहित मानवीय गुणों दया, क्षमा, शांति, त्याग आदि का विकास करते हुए स्वार्थ लोभ, छल, कपट, वासना आदि दुर्गुणों दूर रख सकें। जो मनुष्य नीति नियमों से चलकर इन गुणों का विकास करता है वह अपने आप ही ईश्वर से नाता जोड लेता है। केवल मंदिरों मे जाने से या पोथी पढने से ईश्वर की प्राप्ति नही हो सकती उसके लिये सबसे पहले हमे अपने आप को निर्मल बनाना होगा।

भाईयों याद रहे कि हम नाशवान शरीर लेकर इस पृथ्वी पर आएं है और हमारा समय समाप्त होने पर हमे अपना धन ऐश्वर्य सब कुछ यही छोड़कर जाना होगा। उस समय बडासे बडा धन या ऐश्वर्य हमारी मदद नहीं कर सकेगा। हमारे अच्छे कर्म ही हमारा साथ दे सकेंगे, इसलिये अब जाग जाओ और शेष जीवन सच्चे कामों में लगा दो, इसी में हमारी, हमारे समाजकी भलाई है।

जैरामदास

ॐ

हिन्दी–विभाग

भजन १ (तर्ज– ओ नाग कही जा बसीयों)

करु स्मरण तुम्हे गणराज काज, मेरा सिद्ध कर देना ।। टेक ।।
ऋषी मुनी निसिदिन, तुमको ध्यावत, वेद भी चारो बखानी ।
प्रथम करत है पुजा तुम्हारी, देव संत और ग्यानी ।।
श्री बुद्धीदायक आज, काज मेरा सिद्ध कर देना ।।१।।

गिरजा शंकर के तुम बालक, सकल सिद्धी के दाता ।
विघ्न विनाशक नाम तुम्हारा, तीनो लोक गुण गाता ।।
मेरी रख लेना अब लाज, काज मेरा सिद्ध कर देना ।।२।।

कानन कुण्डल रुप मनोहर, सिर पर मुकुट बिराजे ।
करमे त्रिशुल और मुषक वाहन, पांव में घुंगरु बाजे ।
मोदक अति प्रिय महाराज, काज मेरा सिद्ध कर देना ।।३ ।

है जैंराम दर्शन का प्यासा, खड़ा तुम्हारे द्वारे ।
भवसागर के कठीण भंवरसे, नाव लगादो किनारे ।
मेरे मन मंदीर मे बिराज, काज मेरा सिद्ध कर देना ।।४।।

भजन २ (तर्ज– एक परदेसी मेरा)

काया तेरी है एक मिट्टीका ढेला, पानि लगते हि यह घुलनेवाला
पांच तत्व तीन गुण से बना पुतला,
इसके अंदर रमता है पंछी निराला ।। टेक ।।
ओहम सोहम का जप चलता है, घटमें माला नित्य फिरता है।
श्वासोश्वास में पंछी झुलता झुला ।।१।।
ईडा-पिंगडा ये दो दरवाजे, सुसूम्ना रानी बिच मे बिराजे ।
त्रिकुट शिखर मे होवे मेला ।।२।।
हंसा परमपदको पहोचते हों, वहां सुखका कोई पारावार नहीं।
जैराम कहे गुरुबिन ये भेद ना मिला ।।३।।

भजन ३ (तर्ज– भमत भर दे रे झोली।

मेरे भारत के इन्सान, अब हुशियार हो जाना ।
तेरी जग में रहेंगी शान, सभी को अपने जैसा जान ।। टेक ।।
ना कर किसीसे दुष्मनी प्यारे, प्रेम मार्ग से चलना ।
धन माया के वंश मे होकर, राह न अपनी बदलाना ।।
अब छोड़ दे धन अभिमान, मानवताको तु पहिचान ।।१।।
एक दिन है यहां सबको मरना, नहि सताना किसीको ।
धन दौलतके जाल बिछाकर, नही फंसना किसीको ।।
यदि है सच्चा धनवान, जगतमे पीर पराई जान ।।२।।
भव सागर है तरना प्यारे, प्रभुसे स्नेह लगाना ।
आगे पिछे तिनों लोगमें, नही लगेगा ठिकाना ।।
तुझे दु:ख देंगे यमराज, कहना संतो का तु मान ।।३।।

मानव बनकर आया जगमे, नेक काम तु करले ।
दया धर्म के दुर्लभ धन से, अपनी तिजोरी भरले ॥
कहता है दास जैराम, रहेगा जगमे तेरा निशान ॥४॥

३५५२१ भजन ४ (तर्ज– सौ साल पहले)

मानव लपझप में, तु उमर गमाया ।
एक दिन प्रभुका नाम नहि लिया ॥टेक॥
तुझको किसीने यदि बुलाया भजन में ।
बहाना बताया कोई नहि मेरे घरमें ।
कहाँ सिखा तुने ये ऐसा रवैया ॥१॥
खुशी से जाता तु नाच तमाशों मे ।
आने शरमता तु प्रभुके भजनमे
गर्भ मे करार करके, भुल गया भैय्या ॥२॥
लोंगोंको फसाया लपझप बताके ।
तु धन कमाया, भोले गरिबोंसे ।
दिन दुःखियों को तुने तरसाया ॥३॥
जीन गरिबोंसे हुवा तु धनवान
बिपत पड़ी गरिबोपर करता बहाना ।
दिलमे पाप पुण्यका बिचार न किया ॥४॥
लपझप में किसके लिये धनको कमाता ।
अन्त समय तुझको ये देंगे क्या सहायता ।
अपने कर्तव्यको भुल गया भैय्या ॥५॥
बुरे कर्म किया है, उसको तु भुल जा ।
दास जैराम कहे संत संगतमें सुधर जा ।
तब जिवन तेरा सफल होगा भैया ॥ ६ ॥

भजन ५ (तर्ज– घर आया मेरा परदेशी)

मन जिसका है जाग गया, हरि गुणमे तन सफल किया ।।टेक।।
उसको झुठा जग सारा, लगता हैं हरिगुण प्यारा ।
माया से वह मुक्त हुवा ।।१।।
त्याग बिना बैराग्य नही, वैराग्य बिना ये भक्ती नही ।
प्याला ब्रम्ह रस का पिया ।।२।।
निसदिन संतसंग मे रमता, एक पल भी न समय खोता
देहकी सुधबुध भुल गया ।।३।।
हो गया जो कोई मतवाला, सबमे देखे मुरलीवाला ।
किससे प्रेम न बैर किया ।।४।।
जैराम कहे गुरुबिन भाई, इस पदको समझे नाही ।
बिरलाई कोई रंग गया ।।५।।

भजन ६ (तर्ज– मन डोले, तेरा तन डोले)

अपनालो, मुझे अपनालो, मुझे अपनालो भगवान ।
अब मै शरण तुम्हारि आया हुँ ।। टेक ।।
बालक पनमे, खेल खेल में, योंही समय गमाया ।
सत्य असत्य का ज्ञान नहि था, क्या खोया क्या पाया ।
नही ध्यान रहा, नहि ज्ञान रहा, मै रहा निपट नादान ।।१।।
आई जवानी, ओ दिवानी, नये नये रंग लाये,
धन संतान स्त्रिया सुख पाये, जी भर मौज उठायें ।
है चैन कहाँ फीर समय कहाँ, जो लेता तुम्हारा नाम ।।२।।

आया बुढ़ापा गई जवानी, हो गई कमर कमान ।
अंग अंग सब कांपन लागे, बेबस हो गई जान ।।
पूछे नही कोई बात मेरी, मैं खुदहि हुँ हैरान ।।३।।
मन मैला विषयों में फिरता भक्ती मार्ग नही लगता ।
भुले को अब मार्ग दिखादो, तुम हो जगके कर्ता ।
जैराम कहे अब समय रहे, दो मुझको सतका ज्ञान ।।४।।

भजन ७ (तर्ज–बापू का पुष्प विमान)

अब बिगड गया इन्सान, बना सैतान हुवा आवारा
घुमता है मारा-मारा ।। टेक ।।

निसदिन करे लपझप धंदा, जालशाहि का डाले फंदा ।
छोड़ मानवता की चाल, हुवा क्रंगाल ।।
झूठे व्यवहारा ।।१।।

दुसरों के बहु बेटीपर, सदा हो रखता बुरी नजर ।
करता है झगड़े तुफान, बना हैवान
लुट बाजारा ।।२।।

ये घमंड गुमान मे मस्त रहे, लोगोंको शान से बतलायें
खुदको हि समझे गुणवान, कौडीका न ग्यान
खोता जीवन सारा ।।३।।

जो अपना प्रपंच सघाकर, दुसरों पर उपकार करे ।
जगत में उसका मान, वहीं इन्सान,
पूण्य करतारा ।।४।।

जो खुदको आपही जाने दुसरों को भी वैसाही माने ।
कहता हैं जैरामदास वही पूण्यवान
हुवा भवपार ।।५।।

भजन ८ (मेरा छोटासा देखो ये)

रामनाम सौदा, मित्रों बडा अनमोल है ।
उसे लेनेवाला बिरला कोई नर है ॥ टेक ॥

खरिदमे लगता नही माल खजाना इसे ।
उसके महिमा का अन्त न लगता किसे ।
जितना वर्णन करों, उतना कमहीं तो है ॥१॥

षड्‌विकारोंसे मित्रों, तुम्ही दुर हो ।
इसे पानेके लिये, मनमे दृढभाव हो ।
दिखनें दिखता फूकट, पर लेना बिकट है ॥२॥

इसे लिया था, मिरा सकुबाईने ।
ध्रूव प्रल्हादने और बहुत संतोने ।
तन–धन–मन अर्पण कर, मोक्षपद पाये हैं ॥३॥

जिसको लेना है, तो पहले मनको साधो ।
दया क्षमा शांतीका मार्ग प्यारे खोजो ।
जैराम कहे वेद शास्त्रोमें यहि लिखा है ॥५।

भजन ९ (तर्ज– (आजा रे ओ मेरे दिलबर आजा)

आजा रे, आजा रे, ओ मेरे भारत आ जा
आके आस बंधा जा रे,...
ओ ऽऽऽऽ मोरी ... मोरी ॥ टेक ॥

गईयाँ मैंया तड़प रही है, कहाँ गये रखवाले ऽऽऽ २
चारो ओर ये, नजर डाले, किसको दुःख सुनाये,
आजा रे २ ओ मेरे भारत आजा ... ॥१॥

मथुरा, गोकूल सुना पड़ा है, तरसे भक्त ये भोले ऽऽऽ २
तुम बिन शांती, कहि ना मिले, दर दर ठोकर खायें ऽऽऽ
आजा रे, ओ मेरे भारत आजा ॥२॥
वृन्दावन के कुंज गलीमे, आके रास रचाये ऽऽऽ २ ।
नित नुतन ये खेल रचाके, गोपी मन बहलाये ।
आजा रे ओ मेरे भारत आजा ॥३॥
कहे जैराम दौड़के आवो, बिगड़ी सबकी बनावो ऽऽऽ २
तड़प रही है जनता सारी कौन यहाँ कैवारी ऽऽऽऽ
आजा रे ओ मेरे भारत आजा ।

भजन १० (तर्ज– डपलीवाले ऽऽऽ डपली बजा)

विपत काल मे ऽऽऽ नामहि सबर
लेता सबकी खबर वो हि राम ऽऽऽ
अरे हरिनाम रटते जा ऽऽऽ ॥ टेक ॥
नामकी महिमा अमीट है भाई,
पापी को भी वो तराये,
श्रद्धा भाव ये, दिलमे बिनये, पलमे दुःख मिट जाये (राम२)
ये संतसंग भली २ ऽऽऽ ये मुक्ती की बेली,
तु स्वरुप नगीना पाजा ॥१॥ विपत काल मे
पूर्व जन्म के पूण्य है तेरे, मानव जन्म को तु पाया,
आगे की सुध लेलो भैय्या, किस कारण तु यहा आया (राम २)
ये मझधार नैया २ ऽऽऽऽ रे कौन है तरैया ।
तु हीत अनहीत परख जा ॥२॥ विपत कालमे...
स्वर्ग नरक ये यहा बसे है, जैसे जो कर्म है करता ।
वैसे हि वो फल को पाता है, वैसा ही उसका विधाता (राम)

कर्म संचित जोड़ी २ SSS खडा है वनमाली
सुविचारों से तु चलते जा ॥३॥ विपत काल में
जैरामदास कहता, हाथ मे तेरे, भाग्य की है यह डोरी ।
जैसी करणी वैसी भरनी, बनाये धनी न भिकारी (राम २)
ना दुश्मन ना सज्जन २ SSS . . . मन तेरा हैं दर्पन,
मानवता का नाता निभाजा ॥४॥ विपत कालमे ऽ

भजन ११ तर्ज– (हरिद्वार पालो)

gmoll

निंदिया न आये मोहे जागे ये नैना ।
तेरे बिन पाऊ न चैना ये मोहना ॥टेक॥
भटकता रहा है ये मन मेरा
देखने प्रभु तेरी सावली सुरतीयाँ ।
कभी तो दिखा दे दरस प्राण प्यारे, तभी तो मिटेगा ।
वे अरमा हमारा ॥१॥
कोई कहे तुझको बसा है तु कासी ।
कोई कहता है घट-घट वासी ।
कहे साधु तु अन्तर ज्योती, छुपावो ना भेद
ये हमसे भी कहना ॥२॥
भटकता हुआ हुँ मैं जनम–जनम का
कोई ना प्रभु तेरे बिन साथ देता ।
कहा ढुंडु तुझको जगतके स्वामी, आकर के मेरी ये
बिगड़ी बनाना ॥३॥
न मागु तुझसे मै धन और दौलत ।
कृपा दृष्टी रखना यही मेरी हसरत ।
जैरामदास देना चरणोंका ठिकाना ॥४॥

भजन १२ (तर्ज– अगर साथ देना का वादा करो)

तुम अगर संत संगत में आते रहो ।
जन्म ~~जरा~~ मृत्युके फेरे से छुट जायेंगे ॥टेक॥

कितनी विपत्ती आये तुम्हारे उपर
लेते नाम हरिका ये टल जायेंगी ।
तुमने दृठ से हरि को पुकारा कभी
प्रभु करुणा को सुनते चले आयेंगे ।
तुम अगर सतकर्म को करते रहो
हर समय प्रभु तुझको ये मिलते रहेंगे ॥१॥

तुमने जब किसी जिव को दुःख है दिया
तो जर्जर हो जीवन बिगड़ जायगा ।
तुम न समजो मैं धनवान गुणवान हूँ ।
ये अभिमान पलभर मे मिट जायगा ॥
तुम अगर दुःखी जिवोंसे समझने लगे ।
पल-पल में प्रभुजी चले आयेंगे ॥२॥

द्वेष भाव भरा है तुम्हारे अंदर ।
कैसे पावोंगे जगमें तुम भगवान को ।
बुरे कर्म को करना तुम छोड़ो भाई,
जगमे किर्ती तुम्हारी रह जायेगी ।
तुम अगर सत पथ पर चलते रहो ।
जैराम जीवन सफल जगमे हो जायेगा ॥३॥

भजन १३ (तर्ज– अगर है ज्ञान को पाना)

अगर है प्रेम भारतसे, तो तन-मन-धन को दे डालो ।
वतन के बनकर शिपाई, रहा बाकी बचा भी दे डालो ।। टेक।।
करो उन्नती सब मिलकरके, एकता भावसे चलना
द्वेष ना हो किसी जिवका, बंधुत्व भाव को धरलो ।। १ ।।
पड़े आफत किसी पर जब, मदत करना सिखो सबही ।
दु:खमे साथ देकर के, काम उनका सफल करलो ।। २ ।।
रखो व्यवहार तुम अपना, भाई जरा निभाने का ।
रहेगी कीर्ती दुनियाँ मे, इसि नीति को अपनालो ।। ३ ।।
करो प्रार्थना सब मिलकर, अपने को आप पहिचानो ।
तभी जीवन सुखी होगा, नाम प्रभुका सभी बोलो ।। ४ ।।
कहे जैराम जो वाणी वेद का सार है भाई ।
भुलो मत नीति-नियम को ध्यान मे बात यह रखलो ।। ५ ।।

भजन १४ (तर्ज– स्कूल मे क्या पढ़ोगे हो राम)

जो किसीसे कूछ मांगता हो रामा, वही हमारा देवता[२] ।
उसके चरणोमे है माथा, हो रामा, हमको वही भाता[२] ।
भाता, हमको वही भाता ।। टेक ।।
जीवन नैया, का सहारा, उसे हि तनमन सारा दे दिया है ।
सुख शांती का किनारा पाया है ।
युग-युग का जोड़ा नाता हो रामा, वही हमारा विधाता[२] ।। १ ।।
कोई जाये तिरथ मंदिर, बसायी है एक तस्वीर इन नयनोमें
तकदीर अजमाई इन चरणो में ।
ज्ञान गंगामें, गोते लगाता हो रामा, संतसंगत प्यास बुझाता ।।२।।

ब्रह्मरसकी भरी वाणी, सुन करके बोल, अज्ञानी भी बन जाये ज्ञानी।
अमर रहे उसकी कहानी ।
जैराम गुरुपे भरोसा रखता हो रामा
वाल्या का वाल्मीक कहलाता ।। ३ ।।

भजन १५ (तर्ज– दिलमे तुझे बिठाके)

मेरे ये दिल की बात, सुनते है मेरे गुरुनाथ ।
छोड़ो ये पक्षपात, दिलदार का पकड़ो साथ ।। टेक ।।

आत्मा रंग का है रंगीला, भक्तीभावमे मतवाला ।
ब्रह्मरसका पिवे प्याला, शिस्त का है रंगीला ।।
पिकर प्याला, बाबा, मतवाला तन की सुध बुध भुला,SSS
संसार में वो अकेला, चहूँ ओर नजर वो डाला ।।
दुजा न कोई मिला[2] ।। १ ।।

आपहि बोले, आपही डोंले, आपहि विश्व संभाले ।
उसकी आज्ञा बिन, कहि भी पत्ता ना हिलपायेSSS
आपहि कर्ता, आप अकर्ता, आपमे आप समाया ।
कोई न समजे वो लिला, भेद को पाया है बिरला
समझे वो गुरुपूत[2] ।। २ ।।

जैराम कहे संत शब्द, बिचार उसमे अनंत ।
थक गयें सभी ग्रंथ, पाया न कोहि अंतSSS ।
लक्ष, अलक्ष, अगोचर दृष्टी, निराक्षर उनकी सृष्टी ।
अगम निगम का खेल, सोहंम है उनके बोल ।
देखे नित्यानंद जोत[2] ।। ३ ।।

भजन १६ (तर्ज– मेरा नाम है चमेली)

मेरा श्याम है छबिला, है भक्तों का रखवाला।
चला आता है भक्तों की पुकार सुनके।
तुम मन के मैल को धोलो, दया भाव हृदय मे रखलो।
खड़ा है प्रभु निरखलो, अपने नैन से ॥ टेक ॥
जो भी प्राणि नाम प्रभुका पलपल मे सुमरता है।
अमर नियम है प्रभुके घरका, भव सागर तर जाता है।
अरे स्मरण करले तनमन से।
ये दो दिनकी जिंदगानी, दुनिया दो दिन का है मेला ॥ १ ॥
तेरा-मेरा भेद हटाले, स्वास स्वास में राम रमैया।
प्रभुको पाने लगेगा जगमे, धन दौलत और रुपैया।
अरे मायामे क्युं तु भुला।
मनकी आंखे खोलरे प्राणी, सामने मुरलीवाला ॥ २ ॥
दुर्योधन का मेवा त्यागकर, साग विदुर हार खाये।
द्रोपदी की फूकार सुनकर, शाम दौड़कर आये।
अरे भावके भुखे है भगवान।
चीर पुराकर लाज बचाई, संकट उसने टाला ॥ ३ ॥
जो भी कोई द्वेष छोड़कर, हरिका चिंतन करता है।
उसके बसमे प्रभुजी रहकर, कामना पूरी करता है
अरे भुले मत तु गर्व में।
वो हि सबका दाता, जयराम शांती दिलानेवाला ॥ ४ ॥

भजज १७ (तर्ज– जो वादा किया वो)
आगे कदम सबको बढ़ाना पड़ेगा।
जयहिन्द का नारा लगाना पड़ेगा।
छोड़ दो संदेशा सारा, लेके तिरंगा प्यारा, लहराना पड़ेगा ॥टेक॥

वतनपर हमारे, अगर आये दुष्मन,
एकता से हम शुद्ध करे तन और मन।
भेदभाव हटाके, कुर्बान होना पड़ेगा ॥ १ ॥

कोई तेली कुनबी हो धोबी का बेटा।
निच उच नही कोई, और बडा छोटा।
बहादुरी अपनी बताने, मातृभुमीकी रक्षा करने,
दुष्मनसे टकराना पड़ेगा ॥ २ ॥

भेदभाव सब दुर करेंगे। ये है सब बरबादी।
सब मिलकर हात बढ़ाये, छोड़ेंगे नही आजादी।
लाल जवाहर के बचनों को,आजादी के सुख सपने को,
जगमे सजाना पडेगा ॥ ३ ॥

प्यारे किसान भाई, कामगार और शिपाई।
ब्रह्मा विष्णु महेश, योगी भारत के रक्षक है येही।
जैरामदास करते कन्हैया, डुबी मझदार नैय्या।
आकर तराना पड़ेगा ॥ ४ ॥

३५५२१

भजन १८ (तर्ज–तेरे दया धरम नहीं मनमें)

जब पीर पराई नहीं जाने रे बाबा,
काहे को साधु कहलाता ॥ टेक ॥

ब्रह्मज्ञान की बात बतावे, दया धरम नही मनमे।
काम क्रोध मे फसा हमेशा, मन विषयों मे जाता ॥१॥

दिन भर तु ये भेष बनाये, मनमे नही थोडी चैना।
पेट के खातीर झुठ कपट सब,भ्रम नहीं तेरा मिटता ॥२॥

लंबी चौड़ी बाते बताकर, भोले जनोंको फंसाता ।
धन के खातीर झुठ कपट कर, उम्र व्यर्थ हि खोता ।।३।।

कर्म धर्म तु मुखसे गाता, करता कोई न काम ।
धर्म का तु मर्म न जाने, व्यर्थ हि गप्पे लगाता ।।४।।

पूजा आरती करे रात-दिन, दिन भर माला घुमाता ।
अन्तकरण भी शुद्ध नही है, जग को छलता जाता ।।५।।

जैराम कहे ऐंसोका जीवन, सफल न जगमे होता ।
कर्म हि उच्चा भाग बनावे, गुरुबिन मोक्ष न पाता ।।६।।

भजन १९ (तर्ज—छुपे हूये ओ चंचल पंछी)

भक्तों के रखवाले प्रभु आ— आ— आ—
भक्त खडे है द्वार तुम्हारे दर्शन तो दिखला ।।टेक।।

दुःख भरी सारी दुनियांमे, तेरा ही है सहारा ।
तु चाहे तो दुःख मिटा दे, तु हि स्वामी हमारा ।
तेंरे सहारे जिती दुनिया, तु पालन वाला ।
हम हैं तेरे बच्चे अज्ञानी, हमको कूछ सिखला ।।१।।

गुंडागिरी आगे बढ गई, चोरी से ना डरते ।
घुसखोरी भी फैल रही है, उसको अच्छा कहते ।
धर्म नीति को खो डाले है, भ्रष्टाचार फैला ।।२।।

झुठ कपट के जाल बिछाकर, भोले जगको फसाते।
अपनी हि सेखी बतलाकर, अपने हि गाल बजाते।
आपस मे ये फूट डालकर करते हैं मुंह काला ॥३॥

बुरे कर्मोसे हमको बचावो, ओ आसमान वाले।
आये है हम शरण तुम्हारे हमको तु अपनाले॥
जैराम दास की बिनती तुम्हसे, आवो नंन्दलाला ॥४॥

भजन २० (तर्ज–आज पुरानी राहोंसे) ३५६ २५

जलनेवाले जलते रहो, रक्षक प्रभूजी हमारे है।
छलनेसे कूछ होगा नही, रक्षक प्रभूजी हमारे है ॥टेक॥

बुराई करो, बदनाम करो, मेरे कर्म जो है उसे भुलु नही।
सत मार्ग हि जब अपनाया है, छलीयोंके छलसे टलु नही।
मन चाहे कहो, पापो मे रहो, छलिया हि धोका खाता है ॥१॥

जब कंटक वृक्ष लगाया है, मिठे फल कैसे खायेगा।
सज्जन को सदा सताते रहा, फिर चैन कहाँसे पायेगा।
तेरा मेरा कहे, दुर्गन मे रहे, इसमे ही जीवन खोता है ॥२॥

दुर्योधनकी नजरोंमे सब जगही, बुरा दिखता था।
कैसा चिन्हे वह सज्जनको, जब खुद ही बुरे मनका था।
बुरे कर्म करे, कैसे सुख मिले, बुराईका बदला पाता है ॥३॥

देखे नही जो अपने अवगुण, जिवन उद्धार करे कैसे।
खुद आप फसे है, मायामे, औरोंको उद्धारे कैसे।
जयराम कहे, सतकर्म करे, उसकोहि भगवंत मिलता है। ४॥

भजन २१ (तर्ज–मेरा दिल ये पुकारे आजा)

मेरे शाम सलोने आजा, बिगड़ी को बनाने आजा।
रोम, रोम, मे रमा, हैं सबसे समा, तेरे दास फुकारे आजा ॥टेक॥
अँखिया है भुली प्रभु हो अब कहाँ।
तेरे बिना सुना सारा है जहाँ।
प्यारि बंसी की आवाज, गिरीधर राखो मेरी लाज
अपना रुप हमें दिखला जा ॥१॥
तन-मन मे मै ढुंढ़ता हुँ तुझे।
दर्शन के बिना मुझे कूछ भी ना सुझे।
क्यों ऐसी सजा, नही कूछ भी मजा
अब आकर दर्शन दिखाजा ॥२॥
कहते मंदीर तिरथमें है रमता तुही।
कोई घर-घर और चराचरा की देता गवाही।
अर्जी को सुन तेरी जिसमे रजा।
अपने चरणोमे मन को लगाजा ॥३॥
कोई कहते सेवा ध्यानने है भाई।
सच झुट क्या है बतादे सही।
कहता हैं जैरामदास, जब पाउँगा आराम
आके भ्रम को मेरे तु मिटाजा ॥४॥

भजन २२ (तर्ज– छलीया मेरा नाम)

करता नही काम, चाहता है आराम
व्यवहार तेरा हरदम झुठा होता है बदनाम ॥ टेक ॥
जुवा सट्टा गांजा दारू इसमे मग्न रहता।
गर्व गुमान की बात बताकर, जिवन अपना खोता ॥
पैसा नही छदाम, करनी तेरी हराम ॥ १ ॥

वैरभाव समता के झगड़े तु फैलाता ।
बिचमे रहती है तेरी दलाली, धोका जगको देता ॥
जिवन खोता तमाम, करके बुरे काम ॥२॥
दया भावना जरा न मनमे, देता सबको धोका ।
दिन गरिबोंकों फसाने, कैसा देखे मौका ॥
करता झुठे काम, भुला है हरिनाम ॥३॥
जैराम तुझे समजाता, छोड़ दे ऐसे काम ।
सत्य राहो को अपनाले, तो होगा तेरा नाम,
करले सेवा काम, भजले सिताराम ॥४॥

भजन २३ (तर्ज– रुख जा ओ जानेवाली रुखजा) ३५६।२१

जाग जावो सोनेवाले जाग जा, चोर खडे है सामने ।
क्यों सोता है गफलत में, समय है प्रभुसे मिल ले ॥टेक॥
बड़े भाग्य से जन्म मिला, माया मे तु है भुला ।
ये समय बडा अनमोल चला, जग दो दिनका मेला ।
जिव खेल रहा है खेला, सब श्वास गमा डाला ॥
सत मार्ग चलते ॥१॥
षड् विकारोंसे बचना, सत संगत को पाना ।
यही तो होगा रोना, फिर मुश्किल है आना ॥
सतगुरु बिना ना रहना, उसीका सहारा लेना ।
उमर जाये तेरी ढलने ॥२॥
यह आखीर सतजना, मान संतो का कहना ।
बंधन से मुक्त होना, सत्यमार्ग को धर लेना ॥
सत्य धर्म की नांव बनाकर, भवसागर तर जाना ॥
जैरामदास ज्ञानको धरणे ॥३॥

भजन २४ (तर्ज- देख तेरे संसार की हालत)

कसौटी मेरी बहुत हुई है, अब न सताओ भगवान
दुःख से घबराती है जान ॥टेक॥

मै मूरख पामर अज्ञानी, तेरी महिमा कुछ भी न जानी।
ठोकर खाता हुँ मनमानी, धनपुत्र के वश हुवा अज्ञानी।
भुल पडी है तेरे नाम की, रहा न कुछ भी ज्ञान।
कृपालु दे दो अब वरदान ॥१॥

कितनी आपत्ती मै पाया, दिवाने पनमे रहा भरमाया।
फिर संतान का मोह दिलाया, कुछ दिन बाद तुने छिन लिया
तिन पुत्र देकर के फीर भी, एक न रहा निशान ॥२॥
कृपालु दे दो अमर वरदान ॥२॥

कब तक अब तु मुझे भुलाता, मुझ पामर को राह न दिखाता
अब तो मैं दुःख सह नही सकता, आगे दिखा दो सत की रास्ता
नही छुट्टी हैं मर्त्य भुमी की, गर्भ गली बलवान।
कृपालु दे दो अमर वरदान ॥३॥

जैरामदास कहे कुछ बोलो, मुझको प्रभुजी अब अपनालो।
यह जिवन नैय्या को समजलो, दौडकर आकर पार लगालो
नही ममता धन दौलतकी, दो सेवा का वरदान।
जिससे हो जावे कल्याण ॥४॥

भजन २५ (तर्ज- राही मनवा दुःख की चिंता)

भाव प्रभुमें तू नहीं धरता, ये क्या करता हैं
व्यर्थ ही गप्पा लगाता है,
गल्ती खुद ही करता, प्रभु को झुट बनाता है ॥टेक॥

व्यसनो मे मन तेरा रहे, सत् कर्मो पर देता न ध्यान।
बेईमानी से चलते रहा, जीवन व्यर्थ किया नादान।
कैसे होगा तरना तेरा, अभिमान में मरता है ॥१॥
चारो धाम कें तिर्थ करे, बुरे कर्म तू नहीं छोड़े
मंदीर में जा पुजा करे, पर जीवों को तू छोड़े।
तु उलटी राह पे चलता है, सत् राह न धरता है ॥२॥
जटा बढ़ा सन्यासी बना, दौड़े तेरा मन विषयों में ।
काम क्रोध बेचैन करें, निती रही है फसाने मे ॥
मारा नही मन को दिवाने, नाहक भेष बनाता है ॥३॥
जयरामदास कहे मनवा, मन को निर्मल बना पहिले।
निर्मल मन से हरि को सुमर, तब प्रभु दर्शन देंगे तुझें।
अंतरे मन में ही निरखले तू, प्रभु पास में बैठा हैं ॥४॥

भजन २६ (तर्ज– वृंदावन का कृष्ण कन्हैया)

प्रभु सभी के पालन हारे, सबको दर्शन देते हैं।
जैसी जिसकी श्रद्धा है फिर, वैसा उसको मिलते हैं ॥टेक॥
भक्त जनो ने किया पुकारा, उनको पल मे उद्धारा।
अजब लीला है उस हरि हर की, सबके नैनों का तारा ॥
सबके उपर दृष्टि इनकी, सबका दुरा करते हैं ॥१॥
ग्राहने गज को जलमें खिचा गज ने तुम्हे पुकारा था।
सुनकर करुण पुकार भक्त की गज को तुमने उद्धारा था।
ऐसी है प्रभु नाम की महिमा, वेदशास्त्र बतलाते हैं ॥२॥
अजामीळ ने नाम पुकारा, उसको पल में उद्धारा।
पापी था फिर भी प्रभु तुमने, दिया उसे मोक्ष का द्वार ॥
जो कोई नाम पुकारे अंत में, वो तुमसे मिल जाते है ॥३॥

जयरामदास कहे तुम दयालु सब दुखों को मिटाते हो ।
जो जैसी करता है करनी, वैसा ही फल देते हो ।।
महिमा तुम्हारीं कोई न जाने बिरले तुमको पाते हैं ।।४।

भजन २७ (तर्ज– बार बार तोहे क्या समझाये)

राम कृष्ण गोविंद मुरारी, जय जय जगत अधार ।
यही नाम उच्चारण से, हो जावो भवपार ।।टेक।।
महामंत्र उच्चारण जो नर करते हैं।
जन्म मरण के फेरे से छुट जाते है :
नाम उच्चारण करे जो प्राणी, तन मन से एक बार ।।१।।
नाम उच्चारा वाल्या का वाल्मीक हुआ ।
मरा मरा से राम राम उच्चार हुआ ।।
ऐसी महिमा राम नाम की पायी तरे हजार ।।२।।
दामाजी पर बिपत पड़ी थी बड़ी भारी ।
दौड़कर आये भक्त वत्सल गिरधारी ।।
भेस बदल कर कुंडी चुकाये, बनकर विठू महार ।।३।।
पतीत पावन करने वाले सीताराम ।
पाये अजामिल जैसें मुक्ति लेकर नाम ।
इतना करना स्वामी जी, जयराम न भुले नाम ।।४।।

भजन २८ (तर्ज– नील गगन के तले)

संतो की राह चले, उसके ही भाग्य खुले ।
रहकर जग में जग से निराले, ज्यो जल कमल खिले ।।टेक।।
संतो की बानी हिय में धरके, भक्ति के पथ पर चले ।।१।।

उनको न जग में कोई कमी है, सारे फल भी मिले ॥२॥
सदा रहे जो मग्न प्रभु में, ब्रम्हानंद में डोले ॥३॥
सुख दु:ख मे जो आनंद मनाये, प्रभुजी उसको मिले ॥४॥
चंदन जैसा झिजे उसकी, किर्ती जग मे चले ॥५॥
दुष्ट व सज्जन मिट्टी व सोना, एक तुला तोले ॥६॥
कहता जयराम भक्ति की महिमा, संत संग मेही मिले ॥७॥

भजन २९ (तर्ज- नैन का चैन चुराकर)

काम करो और मिलके रहो तुम, सुधारो अपना ग्राम हो।
अस्पृश्यता को मनसे हटावो, सतकर्मो में प्राण जुटाओ ॥
समता से करो काम ॥टेक॥
आजादी मिली है हमको, मुफ्त ना गमाओ समय को।
सब कोई अपना हाथ बटावो, अमर रहेगा नाम हो ॥१॥
सेवक बनकर काम करेंगे, मातृभूमिका ऋण हरेंगे।
तन मन सेवा में अर्पण करेंगे, तभी मिले सुख धाम हो ॥
समाज शिक्षण लेकर सबही जीवन सफल करो तुम भाई,
मिटेगा अज्ञान भेदभाव का, बैठो नहीं बेकाम हो ॥३॥
झगडे तुफान दूर करके, दया शांति को मन में धरके।
एकता से व्यवहार करो सब, मिटेगा क्लेश तमाम हो
ऐसे नियम कों सब अपनालो, प्रेम भाव नित नियम बनालो ।।
सेवा भाव को मन में बसालो, कहता है जैराम हो ॥५॥

भजन ३० (तर्ज- राम पियारे थे रखवारे)

देश पियारे थे रखवारे, जनता पुकारे प्यार से
बापू, बापू, बापू ॥टेक॥

पराधीन की बेड़ी तोड़कर, आजादी दिलवायें ।
उंच नीच का भेद मिटाकर, शांति का संदेश दिये ।
मानव धर्म अधारे ॥१॥

सत्य अहिंसा अपना कर, खादी को चलाये ।
संगठन के पूजक बनकर, द्वेष भाव मिटाये ।
दुखियों के रखवारे ॥२॥

वस्त्र हिन को वस्त्र दिलाकर, खादी भूषण धारे ।
तन मे लंगोटी और एक चादर, चले लाठी के सहारे ।
दु:ख भोगे हो सारे ॥३॥

झूठ अन्याय के बड़े विरोधी, सत्य ही ईश्वर माने ।
तन मन धन अर्पण करके देश को, शांति अहिंसा जाने ।
जैराम तुमको पुकारे ॥४॥

3545 21

भजन ३१ (तर्ज- नौजवान जाग जानारे)

किसान भाई जाग जाना रे ।
आलस को त्याग देना रे ॥टेक॥
आज तक के कपटीयों नें तुझको भुलाया ।
लूट लूट के तेरे धन को जो खाया ।
कपटीयों को छोड़ देना रे,
सत्य सेवा में लग जाना रे ॥१॥

नहीं मिलता है वस्त्र और दाना ।
रहने और खाने को नहीं है ठिकाना ।
अब तो भी सम्भल जाना रे,
गफलत में नहीं रहनारे ॥२॥

आया है भाई अब ऐसा जमाना ।
जो ज़ोते खेति, वोहि किसान
संत विनोबा का कहना रे ।
इस पर तू ध्यान देना रे ॥३॥
जैराम कहे लगावो सत्य का नारा,
तब लगे भारत की नाव किनारा,
अग्यान को हटा देना रे,
राम राज्य का निशाना रे ॥४॥

भजन ३२ (तर्ज– वृंदावन का कृष्ण कन्हैया)

भाव भक्ति दृढ़ मन में रखकर, जो कोई सेवा करते है ।
उनके वश में प्रभुजी होकर, काम उन्ही के करते है ॥ टेक ॥

ध्यान उन्हीं का जो कोई धरते,वही प्रगट हो जाते हैं ।
चक्र सुदर्शन कर में लेकर, गरूड़ सवारी आते हैं ॥ १ ॥

छल कपटी दुष्टों को जानकर, दूर दूर प्रभु रहते हैं ।
उनका सारा गर्व मिटाकर, लाज भक्त की रखते हैं ॥ २ ॥

धर्म परीक्षा हरिचंद्र की विश्व मित्र ने ली आकर ।
खुद बिककर दक्षिणा चुकाये, सच्चे नहीं मुकरते हैं ॥ ३ ॥

जैरामदास कहे ए हैं, भक्त जनो के हितकारी ।
देकर सुदामा को कंचनपूर, है भक्त वत्सल गिरधारी ॥ ४ ॥

आशीर्वाद

भजन ३३ (तर्ज– ना मैं भगवान हूँ ना मैं)

जग में इन्शान है, जो जग की शान है
सच्चे कर्मों से भैया, धर्म का निशान है ।। टेक ।।
नेक काम करे कोई, दया क्षमा रखकर भाई,
अष्ट प्रहर मस्त रहता, प्रभु के चिन्तन में ही,
उसे ना गुमान है सुख दुःख समान है ।। १ ।।
तन को झिजावे, अपने, दूसरो के खातिर,
प्राण कुर्बान करे, दुसरो के खातिर
ऐसा जिसका ध्यान है, वही पूज्यवान है ।। २ ।।
जीव तो सभी एक है, ईश्वर के अंश है ।
कर्तव्य से भूल पड़ी अपने को भूले हैं ।
ना मानवता का ज्ञान है, ये भूले शैतान है ।। ३ ।।
है मृग नाभि कस्तूरी, फिर भी घुमें दूरी दूरी,
अज्ञानता में घूम रहा, घूम रहा चहुँ फेरी,
जब ये अज्ञान है, खुद की ना पहिचान है ।। ४ ।।
वेद में लिखा है, देती गवाही गीता हैं,
कृष्ण ने अर्जुन से कहा, मेरा सब में निवास है,
जैराम जो जाने उसको, उसी का कल्याण है ।। ५ ।।

आशुकविता
३५६९१

भजन ३४ (तर्ज– तेरे प्यार का आसरा)

संस्कार सबके एकसे नहीं है ।
जैसी जैसी संगत जिसने जिसने की है ।। टेक ।।
वैसी ही भाग्य रेखा, बनती है उनकी ।
सुख दुःख मिलते हैं, जैसी करनी है जिसकी ।
लिखा जो विधी का कभी, टलता नहीं है ।। १ ।।

कोई बने सत् संगी, कोई दुराचारी ।
कोई बने योगी भोगी, कोई ब्रह्मचारी ।
किसी से किसी के, मिलते नहीं है ॥ २ ॥
शंकाने डाला है, जीव पर घेरा ।
मोहनी अपना, फैलाये पसारा ।
तड़फ रहा जीव उसको, ठिकाणा नही हैं ॥ ३ ॥
एक मां के च्यार बेटे, है भाई भाई ।
तीन व्यभिचार क़रें, करे एक भलाई ।
संस्कार कितने बदले, चारों नही हैं ॥ ४ ॥
संस्कार कितनें भी, गिरे हों किसी के ।
करे संत संगत, बनेंगे उसीके ।
जैराम सत्संग से कुछ, दुर्लभ नहीं हैं ॥ ५ ॥

भजन ३५ (तर्ज– गेला हरि कुण्या गावा)

खेती को जोतेगा कोई, बनेगा खुद मालिक वोही ।
पडित भू रहने ना पाई, जागृत हो जाना आया है जमाना ॥टेक॥
मेहनत करो तन मन से, उपजावो अन्न उन्नत से ।
गुजारा होगा आनंद से, ध्यान तुम देना,
आया है जमाना ॥ १ ॥
त्यागो आलस को भाई, कर्ज से हुये त्राही त्राही ।
बच्चों को अनाज मिलता नहीं, बैठे नहीं रहना ।
आया है जमाना ॥ २ ॥
किसान भारत का सरताज, उसके पिछे चलता है राज ।
रखो तुम मात्र भूमि की लाज, जीवन सुख पाना,
आया है जमाना ॥ ३ ॥

देश भक्त और सन्यासी, जपी, तपी और गृहवासी।
करते हैं मौज और खुशी, इसी के पिछे चलना,
आया है जमाना ॥ ४ ॥
जैराम कहे ऐसी भूमि भाई, सेवा से होगी भलाई।
उसीने दूध पिलाई, जागृत हो जाना,
आया है जमाना ॥ ५ ॥

३५/२१—

भजन ३६ (तर्ज— मैं एक नन्हासा)

खोते जाते हैं प्रेम भाव को, देता नही कोई ध्यान।
कि, धर्म की राह भूले ॥ टेक॥
निती धर्म को भूलके सारे, बुरी राह अपनाते।
अभिमान की करते है बातें, अपनी अपनी बनाते।
निती जा रही, अनिति आ रही, इसका नही है ज्ञान ॥ १ ॥
जिधर उधर विद्रोह हैं फैला, कोई किसी को न माने।
हर संकट से देश घिरा है, इसको कोई न जाने ॥
छोड़े अपनी रीत, करे गैर की प्रित, छोटे बड़ो का न मान॥ २ ॥
कोई कहता इस दुनिया में, हम ही कर्ता धर्ता।
इस जग में ईश्वर ही नही है, नहीं ईश्वर से डरता ॥
मन में नहीं विश्वास, करता है बकवास, कहता है मैं बुद्धिमान ॥३॥
मानव ही जब प्रभु को भूला, भूला उसकी सत्ता।
प्रभु के हुक्म बिना नही हिलता, डाली का एक पत्ता ॥
करलो सोच विचार, वोही जगताधार, जिसने दिया जीवदान ॥४॥
कंटकमय है सतके पथपर, येही शांति दिलाये।
सत्य ही रुप स्वरुप प्रभुका, क्यों मन को भरमाये ॥
कहता है जयराम, भजलो सीताराम, मन से हटालो अग्यान ॥५॥

भजन ३७ (तर्ज – राही मनवा दुःख)

राही मनवा धर्म की, रक्षा क्यों नही करता है ।
धर्म तो डुबा जाता है ।
सत्य ही तेरा साथी, वही नही ध्यान तू देता है ॥ टेक ॥
निती नियम से चलते जा, दया शांति तू हृदय में धर ॥
तन मन धन को अर्पण कर, मनमें अपने प्रभु को सुमर ॥
इससे ही रहेगा धर्म तेरा, क्यों भूला जाता है ॥ १ ॥
सुख दुख दोनो साथी बने, इससे कभि घबराना नही ।
जीवन देकर खेल रचा, सत्ता है प्रभु के आधिन ही ॥
तू छोड़ दे सारी भ्रमना क्यों गोता खाता है ॥ २ ॥
कर्म तेरे तू करते जा, समय का ध्यान तू रखते जा ।
होनहार कभी नहीं टलती सत पथ को लेके चलते जा ।
धन पुत्र में भुलारे दिवाने, झुठा साथ पकड़ता है ॥ ३ ॥
जैरामदास कहे मनवा, मानले अब तू कहना मेरा ।
पल घड़ी का न भरोसा है, उड़ जायेगा हंसा तेरा ॥
अभिमान छोड़ दे दिवाने, क्यों फूला जाता है ॥ ४ ॥

भजन ३८ (तर्ज–जय मंगल गणराज हमारे)

जिन लोचन ने राम को चिन्हा, वो नर नाम जपे न जपेरे ॥टेक॥
मन जिसका है स्थिर हुआ, चंदन जैसे देखे जगको ।
रहकर सबमें सबसे निराला, देखे सम सब जीवों को ॥
कोई सतावे नर जो अभागि, ना कुछ उनपे तपे न तपेरे ॥१॥
कागज की तो बनाई माला, बगले को एक तारी ।
मीन की गती मीन ही जाने, काम न होत शिकारी ॥
कर्म ये न्यारे होत सभीके, छुपाने से भी छुपे न छुपेरे ॥२॥

दुध अन्य का होता पर, गऊं दुध की तुलना करेना ।।
इंद्रायन है श्याम सलोना, दुर्गुन से वो पार परेना ।।
जयरामदास गुरू का प्यासा, बिन करनी के सधे न सधेरे ।।३।।

3५६२1
भजन ३९ (तर्ज–प्रभु का नाम सुमर)

नहिं पिर भरी जिनके हृदय, फिर प्रभु को भजना नाहक है। टेंक।।
स्थिर नहीं है मन जिसका, फिर ग्यान बताना नाहक है ।।१।।
प्रपंच जिसका सधा नहीं, परमार्थ को करना नाहक है ।।२।।
सेवा करना सिखा नहीं, फिर सेवा दिखाना नाहक है ।।३।।
ब्रह्मज्ञान की बात बतायें, आतम तत्व को लखा नहीं ।।४।।
लक्ष भेदन सिखा नहीं तो, ध्यान लगाना नाहक है ।।५।।
शास्त्र को पढ़कर राम न चिना, तो पाठ करना नाहक है ।।६।।
जयराम कहे गुरु शद्व न पाया, उसका जिना नाहक है ।।७।।

भजन ४० (तर्ज– बहारो फुल बरसाओ)

3५६२1
गरीबों के दुखी दिलकी, आह मत लो ऐ धनवानो ।
तुम्हारे पास जो धन है, वो सब गरीबों का ही जानो ।।टेक।।

आ गया समय गरीबों का, समय की ही दुहाई हैं।
देते आवो मदत थोड़ी, तभी तुम्हारी भलाई है ।
छोड दो गर्व गुमानो को, गरीबो की दया जानो ।।१।।
रहेगा नाम अमर जगमें, सेवा का मार्ग अपनालो ।
सारी ये दौलत ईश्वर की, दिलमें तुमही समज पालो ।
जैसा जो कोई करेगा काम, उसीको धनवान तुम जानो ।।२।।

बढ़ावो कदम को आगे, कभी कुछ सार मिल जायेगा।
जनताकी सेवा करेगा जो, वही अमर पद पायेगा।
माया के वश मे मत भुलो, सभी जीव एक ही जानो ।।३।।
"जैरामदास" समझता है, सत्य की राह धर भाई।
नेक कर्मो को ही करना, यही मानव की मानवताही।
छोंड दों तुम असत्य पथ कों तुम, इसीमे आगे भला जानों।।४।।

भजन ४१ (तर्ज–गरीबोंकी सुनो वो तुम्हारी सुनेगा)

तुम दुखियो की सुनो भगवान मिल जायेगा।
पराई पिर हरलो वही साथ मे आयेगा ।।टेक।।
तड़प रहे जीवोंपर जो कोई मनसें ध्यान देता है।
वोही मानव इस दुनिया में, पूजक सबका बनता है ।।
किर्ती छोड़कर यहाँ से जो जाते वोही नर प्रभु मे लीन होते
होगी कभी न इनकी झुठी निती, चाहे प्राण भी तनसे जाये ।।
सेवा धर्म में मन को लगाये, वो ही नर तर जायेगा ।। १ ।।
छल और कपट को छोड़कर जो कोई निष्काम कर्म करते है।
सभी जीवों को मित्र समझकर, हरदम जनहित करते है।
दु:ख सुख में तुम प्रभु को न भूलो तनमय होकर उसीमें डोलो।
समय जो मिला है सेवा का भाई, निकलने न पाये सम्हालो सम्हालो।
सेवा धर्म को जो कोई जाने वो हरि दर्शन पायेगा ।। २ ।।
दीन दुखी जन की ही सेवा, जो भी इसे अपनायेगा।
भाग्य हीन कितना भी हो, वह संत चरण जायेगा ।।
संत वचन को जो कोई निभाये संसार सागरसे वह तर जाये ।।
कहता जैरामदास भुलो न कोई कर्म तुम्हारे करते रहो भाई
जन्म जन्म का जीव भूला है, हरि बिन शांति न पायेगा ।। ३ ।।

भजन ४२ (तर्ज– बहारो फुल बरसावो)

अगर है शौक मिलने का, तो प्रभु से लव लगाते जा।
छोड़कर सारी झंझज को, हरि में मन को रमाते जा ।। टेक ।।
जाना है सत्य के पथ पर, प्रेम की राह चलते जा।
छोड़ दे सारी बुराई को, जीव सब एक समझते जा।
इसीमें तेरी भलाई है, भाव मन एक करते जा ।। १ ।।
अन्यथा भाव को एक कर, मिलेगा तुझको तब ईश्वर।
व्यर्थ गप्पा लगाता क्यों, देह सारा सभी नश्वर।
बदल दे अपने विचारों को, गुरू चरण ध्यान धरते जा ।।२।।
धरा क्या तिर्थ यात्रा में बसी मूर्ति शिला की।
अनाड़ी बनके घुमे मत, भुला है सुध बुध काया की।
संतो का संग पकड़ करके, किनारे नाव लगाते जा ।।३।।
जयरामदास कहता है, बात पर प्यारे रख तू ध्यान।
घट घट में भरा है प्रभु, लगाकर सुर्ति से पहचान।
खेल सब तत्व का सारा, तत्व से आगे बढ़ते जा ।।४।।

भजन ४३ (तर्ज– कंकरिया मारके जगाया)

नाम तेरा राधा रमैया, है बंशीधर नटवर कन्हैया।
मोहना है बड़ छलिया ।।टेक।।
जमुना स्नान करन, जाती राधा रमन।
छोड़ जमुना के घाट, चली वृन्दावन ।।
तेरी मुरली की तान ने भुलाया ।।१।।
दही दुध बेचन चली, संग में थी सहेली।
आके ग्वाले के संग, मटकी फोड़ डाली ।।
सारे गोरस को, धुल में मिलाया ।।२।।

एक दिन लिला धारी, बने सुन्दर नारी,
छलने राधा को गये, बन के मनीहारी ।।
प्यारी राधा को चुड़िया पहनाया ।।३।।
नित नये रुप धरे, नित नई लिला करे ।
तेरी लिला का कहांतक बखान करे ।।
अंश रुप में जयराम ने सुनाया ।।४।।

भजन ४४ (तर्ज– ज्योत से ज्योत)

श्रीराम जैराम गाते चलो ।
मुक्ति का मार्ग बनाते चलो ।।टेक।।
मुश्किल से यें नरतन पायें, अवसर य न गमावो ।
जितना हो सकता जीवन में, हरि के गुण को गावो ।।
इन षड विकारों से, बचते चलो ।।१।।
राम नाम से कितने ही तर गये, वाल्या अजामिल जैसे ।
बिष का प्याला पि गई मिरा, ले हरी नाम ह्रदय से ।।
कर काम मुख राम भजते चलो ।।२।।
स्वार्थ के साथी इस दुनियां में, अंत में, कोई न होगा ।
होगा साथी राम नाम यही, तुझको दगा नहीं देगा ।।
श्रीराम महिमा समझते चलो ।।३।।
है जयराम खड़ा चौराहे, सबको ये ही बताये ।
राम नाम बिन और न दुजा मुक्ति मार्ग दिखाये ।।
महा मंत्र है इसे जपते चलो ।।४।।

भजन ४५ (तर्ज– दो दिवाने दिलके)

ये मेरा मेरा कहके, आशा तृष्णा मे बहके ।
खोया है खोया है, ये जीवन बेकार ।।टेक।।

आया है करके तूने, बड़े बड़े वादे ।
आते ही इस दुनियां में बदले इरादे ॥
बदला है वादा करके, गुण गाये ना रघुबर के ॥१॥

पहले कमाया था जो, तेरे काम आया ।
फल है उसी का तूने, नर जन्म पाया ॥
बैठा है भूल करके, हाथो पे हाथ धरके ॥२॥

किसके लिये तुने, धन को कमाया ।
किसके लिये तुने, महल बनाया ॥
आयेगा काल चलके, जायेगा हाथ मलके ॥३॥

सत्य और असत्य की, पहिचान करले ।
है दिन चार जीवन के, अमर नाम करले ॥
मिथ्या जीवन जी करके, सोया है निंद भरके ॥४॥

यदि चाहता है तू, मिटे आना जाना ।
जयराम ऐसा समय ना गवाना ॥
सतुगुरु चरणों को धरके, भवसागर पार करके ।
चलाजा, चलाजा, जहाँ है ओंकार ॥५॥

34621

भजन ४६ (तर्ज–कहीं बिते ना ये राते)

काहे भुले रे नादान, छोड़ दे रे बुरे काम ।
लेता रहे, हरी नाम, आये तेरे येही काम ॥टेक॥

अरे गलती खुद करता है, कहता है ईश्वर झुठा ।
अज्ञानता से तुही, हरदम जाता है लुटा ॥
सत्कर्मों को भूल गया है, भूला है हरिनाम ॥१॥

ये आजकल के लड़के, विषयों में ध्यान धरते ।
आदर और अनादर की, जरा फिकर नहीं करते ॥
धर्म नीति को छोड़ दिये हैं, छोड़ दिये ईमान ॥२॥
घर घर में गाये जाते, अश्लीलता के गाने ।
गैरों की नकल करने में, अपना सौभाग्य ही माने ॥
अपनी परंपरा को खुद ही, करता है बदनाम ॥३॥
साधु चुर भांग गांजे में, और पडीतजी खाने में ।
मंदिर का पुजारी, है अपनी ही बनाने में ॥
मंदिर देखो अस्त व्यस्त है, नहीं चलता हरि नाम ॥४॥
सत संगत गुरु कृपा से, जो ज्ञान पा जायेंगे ।
श्री राम नाम को भजते, भवसागर तर जायेंगे ॥
अबभी अपनी भूल सुधारो, समझाये जयराम ॥५॥

भजन ४७ (तर्ज– पायल की झकार)

पाये है भगवान भजते भजते
वीरों ने दिये प्राण लड़ते लड़ते ॥
पाखंडीने उमर बिताई, छलते छलते ॥टेक॥
बुराई का बदला, बुरा ही मिलेगा ।
जो करनी करेगा, फल वोही पायेगा ॥
जागो आज मेरे यार, करो कुछ विचार ।
होना है भवपार गाते गाते ॥१॥
अकेला ही आया है, अकेला जायेगा ।
धन दौलत ये कुछ भी न, काम आयेगा ॥
हो जा अब भी तू होशियार, माया में ना सार ।
धर्म से होगा पार करते करते ॥२॥

रखेगा तू द्वेश तो, शैतान दिखेगा ।
जैसा तेरा है भाव, वैसा ही तो मिलेगा ।
जैसा जो करे व्यवहार, बनता है करतार ।
करता पुरण काम हंसते हंसते ।।३।।
कहता है जैराम समदृष्टि रखेगा ।
सब जड़ और चेतन में तू ही दिखेगा ।
कर विचार, हो तैयार, जीवन सुधार ।
हो जाना भव पार हंसते हंसते ।।४।।

३५६ २१

भजन ४८ (तर्ज– तेरे पूजन को भगवान)

पति की सेवा करने आज, ए बहनो मत रखना कुछ लाज।।टेक।।
पति बिन सुना है संसार, पति बिन जीवन है बेकार ।
पति बिन गति नहीं संसार ।।१।।
पति ही पिता है, पति ही माता, पति ही समझो तुम्हरे विधाता
पति है जीवन का आधार ।।२।।
मित्र पति है, गोत्र पति है, सुत्र पति है, छत्रपति है ।
पतिही है सोलह सिंगार ।।३।।
पति की आशा जो कोई पाले, वो ही यम के तोड़े ताले ।
वों ही सति कहावे नार ।।४।।
पति व्रत धर्म जो नारी निभावे, कहे जैराम वो धन्य कहावे ।
वो ही हरे पृथ्वी का भार ।।५।।

भजन ४९ (तर्ज– बड़ीं देर भई नंदलाला)

जग डूब रहा है सारा, प्रभु तुम बिन कौन सहारा ।
धर्म कर्म सब भुल गये है, भुले नाम तुम्हारा हो ।।टेक।।

दर्शन बिन हम तरस रहें हैं, छबि तुम्हारी निहारन को ॥
अब तो आवो लाज बचानें, दुखियों के दुख निवारन को
बड़ी देर हो रही मुरारी, धिरज छुटे हमारा हो ॥१॥
अन्न वस्त्र से तरस रहे हैं, कितने ही ये नर नारी।
फैल रहीं है सब ही तरफ से, घुसखोरी और व्यभिचारी
इनको सुधबुध दो गिरधारी, डूब रहे मजधारा हो ॥२॥
गौवे तुम्हें पुकार रही हैं, आवो रक्षा करने को।
काट रहे निर्दयीं कसाई, आवो विपता हरने को ॥
कहां गये गोपाल लाल तुम, मिट रहा वंश हमारा ॥३॥
तरस रहे हैं सभी भक्त जन, कहाँ छिपे बंशीवाले।
देख रहे क्या अंत प्रभु तुम, हो भक्तों के रखवाले।
आवो श्याम जयराम पुकारे, नांव लगादो किनारा हो ॥४॥

भजन ५० (तर्ज– तेरे पूजन को भगवान) ३५९२१

समय यह बदल गया है यार।
अब तुम हो जाना तैयार ॥टेक॥
जैसे मिले, वैसा ही मिलना, जैसा माँगे वैसा देना।
मिलेगा तभी जीवन का सार ॥१॥
गुन्डो से तो गुन्डा होना, ग्यानी से तो ग्यानी होना।
निभावो भाई प्रेम व्यवहार ॥२॥
अब तो बढ़ गई है घुसखोरी, धर्म को छोड़ बने व्यभिचारी।
इसमें नही है कुछ भी सार ॥३॥
जैरामदास कहे सुनो प्यारे, सत्य कर्मो के लगावो नारे
उतारो भारत का यह भार ॥४॥

३५६२१

भजन ५१ (तर्ज– गेला हरि कुणा गावा

पीता शराब का प्याला, होता नहीं किसीका भला ।
यह है शराब वाला, यह है प्याला, प्याला है जहरीला ॥टेक॥

जो कोई सेवन करे इसको, अपने बसमें करे उसको ।
बुरे मार्ग को ले जावे, देह की सुधबुध भुला ॥१॥

हुई बुद्धि भ्रष्ट इससे, वह लगा बुरी बात बकने ।
किसी को जरा नहीं माने, मानवता को वह भूला ॥२॥

सरपर खडा हुआ शैतान, धन पैसों से हुआ हैरान ।
बाल बच्चों पर दिया नहीं ध्यान, भाई बिगड़ते चला ॥३॥

जर जर हुआ इसका जीवन, घर में खाने नही है अन्न ।
सुखते चला इसका तन, श्वास बना है खोखला ॥४॥

लखपति बने है कंगाल, उनके बुरे हुये यह हाल ।
खाने मिलता न आटा दाल, घर घर भिख मांगने चला ॥५॥

जैराम कहे जाग भाई, हुई ना इसमें भलाई ॥
ऐसी है यह शराब भाई, अच्छा भी बनता है बुरा ॥६॥

३५६२१

भजन ५२ (तर्ज–बार बार तोहे क्या)

मेरा मेरा कह कर प्यारे, कर न समय बेकार ।
अंत समय में देगा दगा परिवार ॥टेक॥

जनम जनम में चक्कर तुने खाया है ।
मुश्किल से ये नरतन तूने पाया है ।
तेरा मेरा छोड़ चला जा, संत चरण एकबार ॥१॥

काम क्रोध और मोह लोभ के फांसे है ।
ये सब तुझको देते झुट दिलासे है ।
घड़ी घड़ी वो भुला रही है माया ठगनी नार ॥२॥
भूल गया संसार के सुख में ख्याल नही ।
भुल गया निज धर्म कर्म को ख्याल नहीं ॥
क्या जवाब देगा आखिर में, इसका करले विचार ॥३॥
संतो के अनुभव पे धरले ध्यान जरा ।
संतो के उपदेश से करले ग्यान जरा ॥
पार करेंगे सत्गुरु लहरी, देकर चरणाधार ॥४॥

भजन ५३ (तर्ज- मैं राधिका तुम्हारी) 3 ऽल्पा

मैं दास हूं तुम्हारा, भगवन शरण में लेना ॥टेक॥
दर दर भटक रहा हुं, तेरे सिवा न कोई ।
कई जन्म का दुखियारा, मुझपर तो कृपा करना ॥१॥
तेरे दीदार खातीर, आया हुं मैं भिकारी
फैलाया हुं मैं झोली, दरशन की भीख देना ॥२॥
तेरे पूजा के खातीर, नही है वस्तु कोई ।
सुझे न मुझको कोई, क्या तुझको मैंने देना ॥३॥
छिप छिप के कब तलक, अब तरसाते रहोगे ।
शक्ति नही हैं मुझमें, भक्ति का ग्यान देना ॥४॥
तेरे ही कृपा से मैं, तेरे ही गुण को गाऊं ।
सत मार्ग ही बताना, कुछ भेद ना छुपाना ॥५॥
ज़ैराम आधिन तेरे, तेरा ही है सहारा ।
अंतिम समय पर भगवन, बस तुम ही साथ देना ॥६॥

भजन ५४ (तर्ज– सा. बढाई में जाकर)

सच्चे दिल की पुकार सुनकर, प्रभु दौड़कर आते है ।
काम उनके पूरण करके, दिलासा उनको देते है ॥टेक॥

छल कपट की बात सुनकर, दूर दूर भाग जाते है ।
गर्व गुमान उनके मिटाकर, लाज भक्तो की रखते हैं ॥१॥

सुदामाजी के सुखे पोहे, बड़े प्रेम से खायें थे ।
सबरी कुब्जा नार अहिल्या, इनका उद्धार किये थे ॥२॥

रावण का वह गर्व मिटाकर, संहार उसका किये थे ।
जनाबाई के साथ उन्होने, चक्की आकर पिसे थे ॥३॥

जहर का प्याला मीरा पी गई, उसको प्रभु ने उबारे थे ।
दुर्योधन का मेवा त्यागकर, साग विदुर घर खाये थे ॥४॥

प्रेम के वश में है प्रभुजी, प्रेमी को मिल जाते है ।
जयराम कहे प्रभु अपने, भक्तों के वश में हो जाते है ॥५॥

भजन ५५ (तर्ज– रेशमी सलवार)

देखते बदला है रंग जमाने का ।
सत्य को ना माने हाल यह लोगों का ॥टेक॥

दही दूध किसी को न भाये, मदीरा और मास सुहाये ।
साधु भी स्वार्थ अपनाये, दुष्कर्म से धन को कमाये ।
हाल यह लोगों का ॥१॥

दिन रात कमाई करता, इमान को लेकर चलता ।
आज वोही भूखा मरता, उसे कोई सहारा न देता ॥
हाल यह लोगों का ॥२॥

ये धर्म नीति को छोड़े, पुरखों के वचन को तोड़े।
बेटे हैं पिता से सयाने, बहु मारे सासपर ताने।
हाल यह लोगों का ॥३॥

शास्त्रों को झुठे ठहराते, बुरे कर्मो से नहीं डरते।
मन चाहे वैसा चलतें, विषयों में ही मगन रहते॥
हाल यह लोगों का ॥४॥

ये दो दिन की है चमकी, ठग देते सत्य को धमकी।
यह चाल नहीं चलने की, जैसी गति हुई रावण की॥
हाल यह लोगों का ॥५॥

यह कर्म भूमि है भाई, जैसा कर्म करे जो कोई।
ये गीता देती गवाही, जयराम सम्हल जा भाई॥
समय है मुश्किल का ॥६॥

भजन ५६ (तर्ज– वह रोया पड़ा अर्जुन)

जब भुखी पड़ी रे जनता, प्रभु कैसी ये ममता है।
अन्न वस्त्र से तड़फ रहे, प्रभु कैसा ये इन्साफ है॥ टेक॥
दुर्दशा हो रही भगवन, कैसे धीर धरे अब हम
तेरे बिना सुना ये संसार, नैया कौन लगाय पार॥ १॥
दिनो दिन पड़ रहा, अक्काल, कहीं आ रही है बाढ़।
चारों ओर मचा है हाहाकार, प्रभु कैसा ये खेल रचा॥ २॥
फैल रहा है भ्रष्टाचार, धर्म नीति का छोड़े विचार।
धीर देने तुम आवो हरि, तब क्लेश मिटेगा तमाम॥ ३॥
कैसी लेते कसौटी भगवन, अंत लगता नही है तेरा।
बिपत पड़ी थी सुदामा पर, आकार धैर्य दिलाये थे॥ ४॥

